# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31 मार्च 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव, चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरान्त भारत रत्न। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से किया सम्मानित।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मेरठ में एक जनसभा को करेंगे सम्बोधित। रामलीला मैदान में विपक्षी महागठबंधन–आईएनडीआईए की भी रैली आज।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये भरे जा रहे हैं नामांकन पत्र। पहले चरण के लिये कल तक लिये गये नाम वापस।
- देवरिया में सिलेण्डर फटने से महिला सहित तीन बच्चों की मौत। चाय बनाते समय सिलेण्डर में रिसाव होने से हुयी घटना।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरणसिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी। यह सम्मान असाधारण और उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत का सर्वोच्च सम्मान मिलने के बाद उनके गांव नूरपुर की मड़ैया में किसानों में हर्ष का माहौल है। चौधरी चरण सिंह का जन्म हापुड़ जनपद के गांव नूरपुर की मड़ैया में हुआ था।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मेरठ में लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के चुनाव प्रचार का शंखनाद करेंगे। इससे पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौदह और दो हजार उन्नीस में भी क्रांति धरा मेरठ से ही लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली आलू अनुसंधान केंद्र मोदीपुरम मेरठ में शाम चार बजे आयोजित की जाएगी। इस रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी भी शामिल होंगे। उधर, विपक्षी महागठबंधन–आईएनडीआईए रविवार को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली का आयोजन करेगा। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें सत्ताइस से अट्ठाइस दलों के नेता शामिल होंगे।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन से संबंधित अनिवार्य सेवाओं में मीडिया प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। मतदान दिवस का कवरेज करने वाले तथा आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को मतदान के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि संबंधित चरण एवं निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर संबंधित मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा डाक मतपत्र के लिए फार्म–12डी में आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर के पास पहुंच जाना चाहिए। फार्म–12डी के द्वितीय भाग में मीडिया प्रतिनिधियों के संस्थान द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। फार्म–12डी के साथ आयोग द्वारा निर्गत प्राधिकार पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न कर संबंधित जिले के रिटर्निंग ऑफिसर के यहां जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि मीडिया प्रतिनिधियों का मतदान दिवस के दिन कवरेज पर होना प्रमाणित होने के बाद ही मीडिया प्रतिनिधियों को अनिवार्य सेवाओं की श्रेणी में पोस्टल बैलेट जारी किया जायेगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा फार्म–12डी में आवेदन प्राप्त होने के बाद पोस्टल बैलेट जारी किया जायेगा।

पोस्टल वोटिंग सेंटर सुबह नौ से शाम पांच बजे के बीच तीन दिन के लिए खुलेगा। यह सामान्यतः मतदान दिवस के तीन दिन पहले तक खुलेगा। पोस्टल बैलेट जारी होने के बाद मीडिया प्रतिनिधि केवल पोस्टल बैलेट के माध्यम से ही वोट डाल सकते हैं और किसी भी स्थिति में भौतिक रूप से पोलिंग स्टेशन पर मतदान नहीं कर सकते।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान के काफिले पर कल मुजफ्फरनगर के मढ़करीनपुर गांव के पास कुछ युवकों ने पथराव कर दिया। इस दौरान दस से अधिक कार्यकर्ता चोटिल हो गये। हादसा उस वक्त हुआ जब डॉक्टर बालियान

चुनावी सभा से वापस लौट रहे थे। एसपी सिटी ने बताया कि कुछ युवकों द्वारा गाड़ियों पर पत्थर चलाने की वजह से गाड़ियों के शीशे टूट गये। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नाम वापस लेने का कल अंतिम दिन था। पहले चरण के लिये सत्ताइस मार्च तक नामांकन दाखिल किये गये थे। भरे गये नामांकन पत्रों की अट्ठाइस मार्च को जांच की गई, जिसमें चौरासी नामांकन वैध पाये गये जबकि इकत्तर नामांकन खारिज कर दिये गये। प्रदेश में पहले चरण में आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा।

उधर लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये अट्ठाइस मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन चार अप्रैल तक भरे जा सकेंगे। दूसरे चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मेरठ में दो, गाजियाबाद और मथुरा में एक–एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन किया। वहीं अमरोहा में कल ग्यारह नामांकन पत्र खरीदे गये। इनमें एक कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के लिये खरीदा गया जबकि दस अन्य नामांकन पत्र निर्दलीय और अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों के लिये खरीदे गये। उधर गौतमबुद्धनगर में प्रत्याशियों द्वारा दस नामांकन पत्र खरीदे गये लेकिन इस सीट से कल कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।

दूसरे चरण के लिये भरे जा रहे नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को होगी। नाम वापसी के लिये अंतिम तिथि आठ अप्रैल निर्धारित की गई है। इस चरण में आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जायेंगे।

**********

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कल अमरोहा में स्वीप के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में विभिन्न स्कूल, कॉलेजों के छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में लोगों से मतदान करने की अपील की गई। हरदोई में जिलाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महिला कर्मचारियों की टोली ने जिले में विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये प्रेरित किया गया। गोरखपुर में खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुये। मेरठ में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल, कॉलेजों के छात्रों ने प्रतिभाग करते हुए दीवारों पर पेंटिंग बनाकर मतदान अवश्य करने की अपील की।

**********

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के लिये चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह को सत्ताइस सदस्यीय इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्यों में उत्तर प्रदेश से डॉक्टर राधा मोहनदास अग्रवाल, तारिक मंसूर, स्मृति ईरानी, केशव प्रसाद मौर्य का नाम शामिल हैं।

**********

माफिया मुख्तार अंसारी को कल कड़ी सुरक्षा के बीच गाजीपुर जिले में उसके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के निकट कालीबाग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया। इससे पहले पैतृक आवास से सुबह जनाजा निकाला गया। जिसमें उनके भाई और गाज़ीपुर से सांसद अफजाल अंसारी समेत परिवार के सदस्यों के साथ, समर्थक शामिल रहे। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**********

देवरिया जिले के भलुअनी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में कल सुबह गैस सिलेंडर फटने से एक महिला और उसके तीन बच्चे समेत चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस के अनुसार घटना तब हुई जब महिला सुबह चाय बना रही थी कि अचानक रिसाव होने से गैस सिलेण्डर में आग लग गयी। जब तक महिला संभल पाती अचानक सिलेंडर फट गया जिससे वह और उसकी दो बेटियां व एक बेटे की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प मौके पर पहुॅचे और आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

**********